# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025




## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद विषय पर संगोष्ठी

**रामानुजनगर।** रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद थीम के साथ आयुष विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालय मे समग्र स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयुष टीम के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके त्रिपाठी, डॉ. आरके शुक्ला, डॉ. सीमा त्रिपाठी द्वारा आयुर्वेद की महत्ता, आयुर्वेद जीवन शैली पर व्याख्यान दिया। आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा ऋतुचर्या आहार विहार, किशोरी स्वास्थ्य पर परिचर्चा कर छात्र-छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान किया। संगोष्ठी में रामकुमार साहू, श्रीमती चित्रलेखा सिंह, उत्तम प्रकाश, कन्हैयालाल, पुनीत विजय टोप्पो, आयुर्वेद फार्मासिस्ट अर्चना पांडे, शिवपूजन गुप्ता, आशीष कुमार मेहर, श्रीमती स्वाति, अश्वनी सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, रविशंकर कुर्रे उपस्थित रहे।

### टीवी मरीजों को वितरण किया गया पोषण किट व दवाइयां




**भैयाथान।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड भास्करपारा कोल माईन के सौजन्य से विकासखंड भैयाथान एवं ओड़गी के कुल 65 टीबी मरीजों को पोषण किट और दवाइयों का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड भास्करपारा कोल माईन ने सभी 65 मरीजों को एक वर्ष के लिए गोद लिया है। इस अवधि में प्रत्येक माह मरीजों को पोषण किट और आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.केडी पैकरा, जिला टीबी अधिकारी डॉ.जेएस सरोता, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.राकेश सहित प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीनियर जीएम डी पात्रा, एजीएम विजय कुमार, मैनेजर पीके सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### बर्तन दुकान का दरवाजा तोड़ नकदी समेत 50 हजार के सामानों की चोरी

**बिश्रामपुर।** नगर के रेलवे स्टेशन चौक स्थित हरीश मेटल बर्तन दुकान के पिछले हिस्से के लगे दरवाजे को तोड़कर अज्ञात चोरों ने गल्ले में रखे 4 हजार रुपये नगदी रकम समेत करीब 45 हजार से अधिक कीमत के अलग अलग प्रकार के बर्तन अपने साथ ले गए हैं।घटना की जानकारी दुकानदार को दूसरे दिन लगी, जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो पाया कि चोर दुकान के पिछले हिस्से में लगी लकड़ी के दरवाजे का हिस्सा तोड़कर भीतर प्रवेश किए और दुकान से फूल और कांसे का बर्तन सहित गल्ले में रखा 4 हजार के करीब नगदी रकम साथ ले गए हैं,दुकान संचालक दुर्गा राजवाड़े ने मामले की लिखित सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी है,सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुटी है,प्राप्त जानकारी अनुसार चोर जिस पिछले दरवाजे से पहुंचे थे उसका पिछला हिस्सा स्टेट वेयर हाउस गोदाम से लगा हूआ है,गोदाम में लगे सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को चोरों के बारे में सुराग मिलने की बात कही जा रही है।

### अनुशासनहीनता एवं लापरवाही पर ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**अम्बिकापुर।** जनपद पंचायत उदयपुर के अंतर्गत कार्यरत ग्राम पंचायत कुमहेवा के सचिव शिवभजन सिंह को शासन के आदेशों की अवहेलना, लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उदयपुर द्वारा 29 सितम्बर को प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार सचिव शिवभजन सिंह की ड्यूटी धरती आबा योजना के तहत आयोजित शिविर में लगाई गई थी, परंतु वे बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत कर्मयोगी अभियान के तहत 15 सितम्बर को ग्राम पंचायत कुमहेवा के आदि कर्मयोगियों के प्रशिक्षण में भी उनकी ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें उन्होंने लापरवाही एवं अनुशासनहीनता का परिचय देते हुए उपस्थिति नहीं दी। जनपद पंचायत से उन्हें मनरेगा से स्वीकृत सेग्रीगेशन शेड कार्य को पूर्ण करने हेतु बार-बार निर्देशित किया गया था, किंतु श्री सिंह द्वारा कार्य में कोई रुचि नहीं ली गई और कार्य अधूरा रहा। इसके अलावा, सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समयसीमा में निराकरण न करने और जनपद स्तर पर अपील की सुनवाई हेतु उपस्थित न होने की भी शिकायतें प्राप्त हुईं। जनपद पंचायत से जारी कारण बताओ सूचना पत्र का भी उन्होंने कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया। लगातार अनुपस्थित रहने, निर्देशों की अवहेलना करने और कार्य में उदासीनता बरतने के कारण उनका यह आचरण पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम-3 का उल्लंघन पाया गया है, जो कि दंडनीय है। उक्त कारणों से शिवभजन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जनपद पंचायत उदयपुर निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## छोटे दुकानदारों का कारोबार चरमराया

# ऑन लाइन शॉपिंग के बढ़ते दायरे ने छोटे दुकानदारों की तोड़ी कमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में इन दिनों व्यापारी ऑनलाइन खरीदी का मार झेल रहे है। त्योहारों के इस सीजन में जहां पहले बाजार में ग्राहकों की रौनक होती थी वहीं ऑनलाइन खरीदी के बाद बाजार की रौनक फीकी पड़ गई है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ते दायरे ने छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी और व्यापारियों की आर्थिक स्थित कमजोर होता जा रहा है, जिसका प्रमुख कारण व्यापार का ऑनलाइन होना बताया जा रहा है।

शहर सहित आसपास क्षेत्रों में ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता दायरा छोटे दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। शहर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों द्वारा ऑनलाइन शॉपिंग की जाती है। ऐसे में स्थिति ऐसी निर्मित हो गई है कि घर के बगल के दुकान में जो सामान आसानी से उपलब्ध हो सकता है, उसे भी ऑनलाइन खरीदा जा रहा है। जिले के अन्य छोटे बड़े नगर के व्यापारी को त्यौहार के इस सीजन में अच्छे व्यापार होने की उम्मीद होती है परंतु ऐसा नजर नहीं आ रहा। नगर के मुख्य मार्केट समेत बाजार में जहां त्योहार के सीजन में खरीदारी करने ग्राहकों की भीड़ होती थी वहीं अब बाजार में सन्नाटा छाया रहता है। व्यापारियों की माने तो जब से ऑनलाइन खरीदी शुरू हुई है तब से इसका असर व्यापार पर पड़ा है। हर कोई आज ऑनलाइन शॉपिंग कर रहा है। कुछ भी खरीदने के लिए वे अपना मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं। बेशक उसमें कोई खरीदने की समझ न हो लेकिन फटाफट ऑर्डर कर देते हैं। ऑनलाइन खरीदी में अगर पहले पेमेंट कर दे और सामान गलत भी भेज देते है जिससे खरीदार को पछताना पड़ता है। त्यौहार के इस सीजन में सेल लगने का झांसा दिया जा रहा जिसमें लोग लालच में आ जाते है जिसका खामियाजा छोटे दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि एक समय सूरजपुर सहित जिले के अन्य शहरों की दुकानदारी की ऐसी स्थिति थी कि कोई छोटा दुकान कर के भी अपनी आजीविका आसानी से चला लेता था।

आसपास के दर्जनों गांव से ग्राहक बड़ी संख्या में पहुंचते थे, परंतु बीते कुछ साल में जिस प्रकार से ऑनलाइन मार्केटिंग का दायरा बढ़ गया वैसे-वैसे छोटे दुकानदारों की दुकानदारी भी कम होती गई। शहर में कई दुकान बीते कुछ वर्षों में खुला वहीं कई बंद हो गए। पहले बेरोजगार युवाओं को जब नौकरी नहीं मिलता था तो वे दुकान खोलकर आजीविका चला लेते थे लेकिन अब ऑनलाइन शॉपिंग होने के कारण दुकान खोलकर आजीविका चलाना भी मुश्किल हो गया है।

**खास बात**

- ग्राहकों की कमी से बाजार की रौनक फिका, दुकान संचालक परेशान




शहर में संचालित दुकान में पसरा सन्नाटा।

### महिलाएं करती हैं सबसे अधिक ऑनलाइन शॉपिंग

महिलाओं द्वारा सबसे अधिक ऑनलाइन शॉपिंग की जाती है। पुरुष भी ऑनलाइन सामान मंगाते हैं परंतु पुरूषों की तुलना में महिलाएं ऑनलाइन सामान ज्यादा मंगाती है। यदि ऑनलाइन की जगह स्थानीय दुकानों से सामान लेने लगे तो बाजार की रौनक न सिर्फ वापस लौट आएगी बल्कि बाजार गुलजार हो जाएगा।

## क्या कहते है व्यवसायी

### बिक्री में आई कमी



मोबाइल दुकान संचालक कार्तिक गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग के कारण दुकानदारों की बिक्री में काफी कमी आई है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर डिस्काउंट और ऑफर के कारण ग्राहक बाजारों की दुकानों से खरीदारी करने के बजाय ऑनलाइन खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं जिससे दुकानदार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।

### ऑनलाइन शॉपिंग में ग्राहकों की दिलचस्पी



कपड़ा व्यवसाय आशीष अग्रवाल ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग के चलते पूरे शहर की दुकान प्रभावित हुई है जिसका खामियाजा दुकानदार भुगत रहे हैं। त्यौहार के मद्देनजर हम लोग मार्केट को देखते हुए आधुनिक रंग डिजाइन के कपड़े ला रहे हैं। बावजूद इसके ग्राहक का ऑनलाइन शॉपिंग में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं जिससे व्यवसाय पर असर पड़ा है।

### ग्राहक हुए कम



गिफ्ट कार्नर संचालक अंजय जैन ने बताया कि पहले दुकानदारी बहुत अच्छी थी परंतु धीरे धीरे जिस प्रकार से ऑनलाइन का दायरा बढ़ रहा है उससे दुकानदारी काफी प्रभावित हुई है। त्यौहार के सीजन में ग्राहकों की भीड़ होती थी लेकिन अब पहले की अपेक्षा ग्राहक काफी कम हो गए है। जबकि त्यौहार को लेकर विभिन्न प्रकार के गिफ्ट आइटम लाया था परंतु बिक्री अपेक्षा अनुरूप नहीं है।

### दुकानदारी पर पड़ रहा असर



बूट हाउस दुकान संचालक दिनेश कुमार जैन ने बताया कि ऑनलाइन खरीदी से सबसे अधिक फूट वियर पर पड़ा है। बच्चों से लेकर बड़ो एवं महिलाओं के लिए लोग अब दुकान के बजाय जूता, चप्पल, सैंडल यहां तक की बच्चों के लिए भी ऑनलाइन शॉपिंग करते है। हम लोग प्रिंट से भी कम में देने को तैयार हैं उसके बाद भी ग्राहक कम हो गए है। जिसका असर दुकानदारी पर पड़ रहा है।



### पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष ने समाज प्रमुखों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने आज विभिन्न पिछड़ा वर्ग के समाजों के प्रमुखों से मुलाकात कर समाज की समस्याओं, कल्याणकारी योजनाओं और विकास के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य भी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने समाज प्रतिनिधियों से सामुदायिक भवन, बच्चों की शिक्षा के स्तर एवं समाज द्वारा विद्यार्थियों के कल्याण की दिशा में किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अन्य समाजों द्वारा किए जा रहे अच्छे पहल से सीख लेकर पिछड़ा वर्ग को भी अपने आर्थिक और सामाजिक उन्नयन की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग को विकसित समाज बनाने के लिए सभी को मिल जुल कर, समग्र दृष्टिकोण से कार्य करना होगा। इसके लिए सामूहिक योजना बनाकर यह तय किया जाए कि किन-किन क्षेत्रों में पिछड़ा वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मानसिकता में परिवर्तन लाना होगा। राज्य के बाहर के लोग यहां आकर व्यवसाय कर रहे हैं, जबकि हमारे समाज के लोग संसाधनों के बावजूद पिछड़े हैं। हमें अपने संसाधनों का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनना होगा।। उन्होंने कृषि, पशुपालन, उद्यमिता एवं कौशल विकास से जुड़ी पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में समाज के लोगों को अधिक से अधिक जानकारी देने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न समाज प्रमुखों ने भी अपनी मांगें रखीं। कुशवाहा समाज के प्रतिनिधि सुनील कुमार कुशवाहा ने समाज के युवाओं के उन्नयन की आवश्यकता पर बल देते हुए जिला स्तरीय सामुदायिक भवन की मांग की।

सर्व यादव समाज के प्रतिनिधियों ने ओबीसी आरक्षण को लेकर अपनी बात रखी और गौधाम योजना में यादव समाज को प्राथमिकता देने की मांग की। नाई समाज के प्रतिनिधि नरेंद्र ठाकुर एवं बसंत लाल ठाकुर ने कौशल विकास हेतु वर्कशॉप और प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग की। कुम्हार समाज के प्रतिनिधि दिनेश कुमार प्रजापति ने भी समाज की समस्याएं रखते हुए योजनाओं से अधिक लाभ दिलाने की बात कही।

- शिक्षा, रोजगार, सामुदायिक भवन आवश्यकता व आरक्षण जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा



### मां-बेटी को डीएलएसए ने दिलाई राहत, बेटे को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में कराया दाखिल

सूरजपुर। जिस बेटे से मां ने बुढ़ापे में सहारे की उम्मीद की थी, उसी ने नशे के गिरफ्त में आकर उन्हें और उनकी छोटी बेटी को दहशत के माहौल में जीने को मजबूर कर दिया। आए दिन की मारपीट, गाली-गलौज और नशे के लिए पैसों की मांग से तंग, मां- बेटी को आखिरकार घर से ही निकाल दिया, लेकिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इस लाचार मां के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा और न केवल उन्हें सुरक्षा दिलाई, बल्कि बेटे को भी इलाज के लिए नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल कराया।

माँ-बेटी को जब पीएलव्ही उमेश कुमार के माध्यम से पता चला की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक सलाह और सहायता उपलब्ध कराता है, तो वे अपनी समस्या लेकर डीएलएसए कार्यालय पहुंची। उन्होंने अपनी पूरी व्यवस्था सचिव पायल टोपनो को बताई। सचिव पालय टोपनों ने मां की आर्थिक कमजोरी और बेबसी को समझते हुए तत्काल संवेदनशीलता दिखाई।

उन्होंने कार्यालय में उपस्थित अधिकार मित्र को पीडित मां की ओर से नशा मुक्ति केंद्र में दाखिले हेतु तुरंत आवेदन तैयार करने मदद करने के निर्देश दिए। आवेदन मिलते ही सचिव पायल टोपनो ने बिना देर किए थाना प्रभारी को पत्र जारी किया। जिस पर पुलिस ने पुत्र की सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण कराकर नशा मुक्ति केंद्र में दाखिला कराया।

## जिले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन हेतु मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जिला अध्यक्ष के चयन हेतु संगठन सृजन अभियान के तहत सरगर्मी बढ़ गई है। जिले में अध्यक्ष के चयन हेतु पर्यवेक्षकों की टीम बलरामपुर जिले में पहुंचेगी। एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक 16 व 17 अक्टूबर को जिला व ब्लॉक स्तरीय बैठक करने के साथ ही कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष के चयन हेतु रायशुमारी करने के साथ ही छह नामों का पैनल तैयार किया जाएगा।

- पर्यवेक्षकों की टीम करेगी ब्लॉक का दौरा

बता दें कि संगठन सृजन अभियान के तहत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में जिला अध्यक्ष के चयन हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा विकास ठाकरे को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उनके साथ टीम में खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव, पूर्व विधायक खुज्जी श्रीमती छन्नी साहू को शामिल किया गया है। पर्यवेक्षकों की टीम 16 अक्टूबर को जिले में आ रही है। इस दौरान पहले दिन रघुनाथनगर, वाड्रफनगर, रामचंद्रपुर, रामानुजगंज में ब्लॉक बैठक आयोजित की जाएगी। दिनभर की बैठकों के पश्चात शाम 5 बजे बलरामपुर मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी, सभी ब्लॉकों एवं अग्रिम संगठनों की संयुक्त बैठक रखी गई है। इस बैठक में संभावित प्रत्याशियों से व्यक्तिगत संवाद तथा आवेदन पत्र संग्रह की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके अतिरिक्त शाम 7 बजे सामाजिक एवं प्रोफेशनल समूहों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष संवाद बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कांग्रेस की नीतियों, संगठनात्मक दृष्टिकोण और स्थानीय जन समस्याओं पर चर्चा होगी। 17 अक्टूबर को राजपुर, शंकरगढ़, चांदो, कुसमी ब्लॉक बैठक भी वहीं संपन्न होगी। इन बैठकों में ब्लॉक संगठन की मजबूती, प्रचार-प्रसार की रणनीति और बूथ स्तरीय कार्ययोजना पर विशेष चर्चा होगी।

### संगठनात्मक मूल्यांकन और संभावित नेतृत्व परिवर्तन

सूत्रों के अनुसार, इन बैठकों के माध्यम से न केवल संगठनात्मक स्थिति का आकलन किया जाएगा बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संभावित प्रत्याशियों की स्थिति का भी मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही, पार्टी के अंदर संभावित नेतृत्व परिवर्तन पर भी चर्चा संभव है। जिला अध्यक्ष पद के लिए कई नाम चर्चा में हैं जिनमें शंकरगढ़ ब्लॉक से वर्तमान जिला अध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंहदेव, वाड्रफनगर ब्लॉक से हरिहर यादव, रामचंद्रपुर से अजय गुप्ता, राजपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता सुनील सिंह, चांदो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुला प्रमुख दावेदारों में माने जा रहे हैं।

### व्यवसाय के नाम पर तीन लोगों से ऑनलाइन ठगी

**बिश्रामपुर।** चिकन खरीद बिक्री के नाम पर तीन लोगों से आनलाइन ठगी किए जाने का मामला सामने आया है,गौरतलब है कि ग्राम रविंद्रनगर निवासी सूरज सरकार जो महावीरपुर कालीघाट में चॉइस सेंटर का संचालन करता है एवं देवनाथ व कालीघाट निवासी एक युवक के साथ चिकन व्यवसाय सम्बन्धी खरीद बिक्री करने के नाम पर हजारों रुपए की ऑनलाइन ठगी की घटना को अज्ञात लोगों द्वारा अंजाम दिया गया है,मामले में ठगी के शिकार हुए एक युवक को उसकी रकम वापस मिल जाने की बात कही जा रही है,जबकि दो अन्य ऑनलाइन ठगी के शिकार युवकों द्वारा मामले की शिकायत साइबर सेल व जयनगर थाना में की गई है,मामले में पुलिस द्वारा ऑनलाइन ठगी करने वाले अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### अग्रसेन भवन में आरएसएस का कुटुंब मिलन कार्यक्रम

**बिश्रामपुर।** अग्रसेन भवन में आयोजित कुटुम्ब मिलन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुनील कुलकर्णी संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख ने कहा कि संघ 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष मना रहा है,संघ ने निस्वार्थ सेवा अनुशासन,राष्ट्र सर्वोपरि के मूल्य पर आधारित सामाजिक समरसता,पर्यावरण और शिक्षा जैसे क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है,उन्होंने शताब्दी वर्ष के प्रमुख सात कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला,उन्होंने कुटुंब प्रबोधन पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुटुंब प्रबोधन पारिवारिक रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है।हमें अपने से निम्न चार-पांच वर्ग के व्यक्तियों से संपर्क कर सहज रूप से समाज में पारिवारिक प्रेम की भावना एवं समरसता लाना है।



## 64 लाख का राशन घोटाला, आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

**अम्बिकापुर।** शहर की तीन राशन दुकानों से 64 लाख के राशन की हेराफेरी करने के मामले में सत्र न्यायाधीश ने समिति के अध्यक्ष पवन सिंह की अग्रिम जमानत की याचिका निरस्त कर दी है। जन कल्याण खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति द्वारा वर्षों से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तीन शासकीय राशन दुकानों का संचालन किया जा रहा है। सहायक खाद्य निरीक्षक शिव कुमार मिश्रा ने सितम्बर 2022 से 31 मार्च 2024 तक के राशन भण्डारण एवं वितरण का भौतिक सत्यापन किया गया तो 1631.29 क्विंटल चावल, 10.43 क्विंटल शक्कर एवं 48.34 क्विंटल चना कम मिला जिसकी कीमत 64 लाख निकली।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सहायक खाद्य निरीक्षक ने कोतवाली थाने में राशन दुकानों का संचालन करने वाली समिति के अध्यक्ष पवन सिंह आ. दीप नारायण सिंह, उपाध्यक्ष सुनीता पैकरा सहित अन्य आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस मामले में धारा 420, 409, इसी एक्ट की धारा 3, 7 का मामला पंजीबद्ध किया है। मामले में पुलिस की गिरफ्तारी से बचने आरोपी पवन सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी जिसकी सुनवाई 10 अक्टूबर को की गई थी। सोमवार को विशेष न्यायाधीश मनीष दुबे ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद अग्रिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया। लाखों का राशन हड़पने के मामले में कोतवाली पुलिस ने समिति के अध्यक्ष पवन सिंह, उपाध्यक्ष सुनीता पैकरा, सहायक विक्रेता फरहान सिद्दीकी, प्रिंस जायसवाल, सैफ अली एवं मुकेश यादव के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

## खोवा के नमूने जांच में फेल, होगी कार्रवाई

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने दूध, मिठाई का लिया सैम्पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दीपावली पर्व के मद्देनजर उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला सरगुजा द्वारा जिलेभर में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के अंतर्गत मिठाई दुकानों, डेयरी एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है।

दीपावली के दौरान खोवा, दूध एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की बिक्री बढ़ने के कारण मिलावट की संभावना को ध्यान में रखते हुए यह अभियान विशेष सतर्कता के साथ संचालित किया जा रहा है। जिले में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा अंबिकापुर शहर के विभिन्न चौराहों एवं प्रमुख बाजार क्षेत्रों में दूध विक्रेताओं एवं डेयरी उत्पादों की जांच की जा रही है। बाहर से लाए जा रहे दूध एवं खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजे जा रहे हैं। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम-विनियम 2011 के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विगत दिनों मेसर्स औरा ए. फूड लॉन्ज, अंबिकापुर से संकलित पनीर एवं मेसर्स मोहन भोग स्वीट्स एंड बेकर्स, जनपद पंचायत के पास से संकलित खोवा के नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर से प्राप्त रिपोर्ट में अवमानक स्तर के पाए गए हैं। दोनों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध संबंधित अधिनियम के अंतर्गत न्यायालयीन कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। इसके अतिरिक्त विभागीय चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (मोबाइल वैन) के माध्यम से भी जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की स्थल पर जांच की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।



### नवीन महाविद्यालय रघुनाथ नगर के 3 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय टीम में

**वाड्रफनगर।** शासकीय लरंग साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज में आयोजित क्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय नवीन महाविद्यालय, रघुनाथ नगर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र देव प्रसाद का चयन राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु किया गया है। मंगलवार को शासकीय कालिदास महाविद्यालय प्रतापपुर में आयोजित सेक्टर स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सुमित्रा यादव एवं हिना परवीन की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। खिलाड़ियों ने क्रीडा प्रभारी डॉ.प्रदीप सैनी के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना के बल पर यह सफलता अर्जित की है। प्राचार्य डॉ.एसके सिंह ने विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।





## खबर संक्षेप

### परिजन के लिए 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम बटईकेला निवासी स्व. गजाधर राम पाल का मधुमक्खी के काटने से 08 फरवरी 20255 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी राधा बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### आधा दर्जन ट्रकों से डीजल की हुई चोरी

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 पर अंबेडकर चौक स्थित अलग अलग गैराज के सामने खड़ी आधा दर्जन मालवाहक ट्रकों से डीजल चोरी की घटना से ट्रक संचालक हैरान हैं,मंगलवार की रात घटित घटना के संबंध में बताया गया कि अम्बेडकर चौक पुरानी शराब भट्ठी के पास चार से पांच ट्रक रिपेयर गैराज हैं,यहीं बनने के लिए कई गाड़िया आई हुई थीं,इसी दौरान देर रात आधा दर्जन गाड़ियों के डीजल टैंक का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने डीजल निकाल लिया है,सुबह खड़ी गाड़ियों के टैंक के लॉक खुले हुए मिले जिसके बाद मामले की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी गई,पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीजल चोरी की वारदात को देखा और चोरों की धरपकड़ के लिए आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज पुलिस खंगाल रही है,बता दें कि पिछले करीब पांच से छह वर्षों से ठंडी का मौसम शुरू होते ही डीजल चोरों की सक्रियता अलग अलग सड़क में शुरू हो जाती है,कई वारदात में शामिल आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा भी है।

### लूट कांड का आरोपी पांच साल बाद मुंबई से बंदी

**शंकरगढ़।** थाना शंकरगढ़ क्षेत्र में 2020 में घटित लूट कांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता का उपयोग करते हुए मुंबई से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी रीवा अंतर्गत जवा थाना क्षेत्र इटवारा निवासी संजय कुमार मिश्रा आ. बैजनाथ मिश्रा (38 वर्ष) पिछले पांच वर्षों से फरार था और अपनी पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था। इधर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 392, 420, 120 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक शंकरगढ़ निवासी रूपेश कुमार अग्रवाल आ. स्व. ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा 11 दिसंबर 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें बताया गया था कि 10 दिसंबर 2020 को पूजा सामग्री के विसर्जन के बहाने बुलाकर बाबा संजय शर्मा उर्फ सच्चिदानंद एवं उनके साथियों ने घर से लाखों रुपये के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए थे। घटना के बाद से आरोपी फरार था। पुलिस की विशेष टीम गठित कर दबिश दी गई और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी शंकरगढ़ जितेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय रही।

### अभाविप ने महाविद्यालय का किया घेराव

**रामानुजगंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा महाविद्यालय के व्याप्त समस्याओं को लेकर महाविद्यालय का घेराव किया। महाविद्यालय के अध्यक्ष अर्चित ठाकुर ने बताया गया की महाविद्यालय में बीते कई महीनों से कुछ संकाय में प्राध्यापक नही होने के कारण विद्यार्थी समस्त विषय का अध्ययन करने से वंचित हो रहे, जिससे उनका भविष्य खराब हो सकता है। एक माह के पश्चात समस्त छात्र-छात्राओं का सेमेस्टर परीक्षा प्रारंभ होने वाली है जिसको लेकर विद्यार्थी चिंतित हैं।पूर्व में भी प्राचार्य को ज्ञापन के माध्यम से समस्या से अवगत कराया था। जिसका कोई भी समाधान नहीं किया गया। विकास महतो ने बताया कि महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं में आक्रोश की भावना थी। समस्या को लेकर समस्त छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य को अवगत कराया एवं चेतावनी दी।

### सीपीआर सीख बनी जान बचाने की ढाल

# हर व्यक्ति बन सकता है किसी की जान बचाने वाला: एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जब सांसें थम जाएं तो सीपीआर ही जीवन की आखिरी उम्मीद बनती है। इसी सोच के साथ गुरुवार को जशपुर पुलिस ने सीखा कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देकर जीवन बचाने का हुनर।

राष्ट्रीय सीपीआर जागरूकता सप्ताह के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर में वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली एवं परिवार स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर 13 से 17 अक्टूबर तक देशभर में सीपीआर जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रूपेश कुमार पाणीग्राही एवं सहायक ट्रेनर प्रधान आरक्षक वृत्तनारायण भगत ने सीपीआर देने की विधि का प्रायोगिक प्रदर्शन करते हुए प्रतिभागियों को जीवन रक्षक तकनीक से अवगत कराया।

### जशपुर पुलिस ने सीखा जीवन रक्षा का हुनर



### आपात स्थिति में काम आने वाला 'जीवन रक्षक फार्मूला

ट्रेनरों ने बताया कि किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रुक जाने पर तुरंत सीपीआर देने से उसकी जीवित बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले सांस और नब्ज की जांच करें। यदि सांस न चल रही हो तो व्यक्ति को समतल सतह पर लिटाएं और मुंह साफ करें। छाती के बीच वाले हिस्से पर दोनों हाथ रखकर 100-120 बार प्रति मिनट की गति से दबाव दें।हर 30 दबाव के बाद दो बार मुंह से सांस दें।यह प्रक्रिया तब तक जारी रखें जब तक व्यक्ति में सांस न लौटे या चिकित्सकीय मदद न मिल जाए।

**पुलिस कर्मियों ने किया अभ्यास, बढ़ा आत्मविश्वास:** प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने सीपीआर तकनीक का अभ्यास भी किया। प्रशिक्षकों ने जब पूछा कि क्या अब वे आपात स्थिति में सीपीआर दे पाएंगे, तो सभी ने आत्मविश्वास के साथ "हाँ में जवाब दिया।

**ये अधिकारी रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में एसएसपी शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, उप पुलिस अधीक्षक मंजूलता बाज, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे व निरीक्षक अमित तिवारी सहित पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**हर व्यक्ति बने जीवनदाता :** इस अवसर पर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि सीपीआर देना हर व्यक्ति को सीखना चाहिए। यह किसी की जान बचाने का सबसे आसान और असरदार तरीका है।

## 90 स्कूलों के 9800 छात्रों को दी गई हाथी के व्यवहार की जानकारी



**जशपुरनगर।** गजरथ यात्रा द्वारा निरंतर स्कूलों में जाकर हाथी के व्यवहार एवं गतिविधि की जानकारी दी जा रही है।

जशपुर वनमण्डलाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार गजरथ यात्रा के माध्यम से अब तक जिले के 90 स्कूलों में 9800 छात्र-छात्राओं को हाथी के व्यवहार एवं गतिविधि की जानकारी दी जा चुकी है। इनमें फरसाबहार, कुनकुरी एवं बगीचा विकासखण्ड अन्तर्गत आने वाले 75 स्कूलों के लगभग 8205 छात्र-छात्राएं एवं पत्थलगांव विकासखण्ड अंतर्गत 15 स्कूलों के 1595 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। वर्तमान में पत्थलगाव विकासखंड में निरंतर गजरथ यात्रा अपना कार्य कर रही है। गजरथ यात्रा हाथी प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर दौरा कर रही है। विशेष रूप से हाथी प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों में कक्षा 06वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं को जानकारी देकर जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही गांव के चौपालों में चलचित्र के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों में जागरूकता लाने का कार्य करेगी। उल्लेखनीय है कि गजरथ यात्रा 2025 का शुभारंभ मुख्यमत्री विष्णुदेव साय के द्वारा 21 जून 2025 को किया गया था। इसका उद्देश्य हाथी मानव द्वद को न्यूनतम करने लोगों में जागरुकता प्रसार करना था। विगत कई वर्षों से जशपुर जिला हाथी विचरण क्षेत्र रहा है एवं हाथियों की उपस्थिति निरंतर बनी हुई है।

## मुख्य सचिव विकासशील से मिला शिक्षक फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी सचिव छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के नेतृत्व में मुख्य सचिव विकासशील को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दिया। साथ ही शासकीय सेवक हितार्थ मुद्दों पर ज्ञापन दिया है।

■ शासकीय सेवक कल्याण के मुद्दों पर हुई गहन चर्चा: राजेश चटर्जी



फेडरेशन के जिला अध्यक्ष विनोद गुप्ता, महामंत्री संजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष अवनीश पांडेय ने बताया कि मुख्यसचिव को प्रदेश के कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का प्रस्ताव प्रस्तुत कर गहन चर्चा किया है। प्रदेश के सभी कर्मचारियों के लिए चार स्तरीय समयमान वेतनमान का प्रारूप प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि एनपीएस पेंशन योजना के स्थान पर अप्रैल 22 से लागू किये गये ओपीएस योजना को एलबी संवर्ग तथा अन्य शासकीय सेवक एवं परिवार के बेहतर भविष्य के दृष्टिगत नवंबर 2012 से प्रभावशील करने का निवेदन किया है।सहायक शिक्षक संवर्ग को भी समस्त शासकीय सेवक के समान त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृति हेतु तथ्यात्मक ज्ञापन दिया है।सभी शिक्षक संवर्ग को समयबद्ध पदोन्नति, समयमान वेतनमान एवं सेजस स्कूलों में प्रतिनियुक्ति वाले शिक्षक संवर्ग तथा अन्य कर्मचारियों को कोषालय से मासिक वेतन भुगतान, सेवाकालीन सुविधा तथा स्वत्वों के अंतिम भुगतान के सरलीकरण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुआ है।

## सुशासन शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का हो रहा निराकरण: साय

**जशपुरनगर।** लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने एवं ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने के उद्देश्य से जिले में सुशासन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पत्थलगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बुलडेगा में जिला स्तरीय सुशासन शिविर का आयोजन किया गया।

■ शिविर में राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, फसल बीज एवं मछली जाल का किया गया वितरण



शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टाल लगाए गए, जिनके माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में भारी संख्या में बुलडेगा सहित आसपास गांव के लोग शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिनका विभागों द्वारा यथासंभव निराकरण भी किया गया। शिविर में सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र विधायक गोमती साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। साथ ही कलेक्टर रोहित व्यास एवं प्रशासनिक अधिकारियो ने लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके लाभ के बारे में जानकारी दी। विधायक साय ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर लोगों को लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं जैसे राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, फसल बीज, मछली जाल आदि से लोगों को लाभान्वित किया गया। साथ ही मौके पर आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इस दौरान विधायक साय ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के अन्नप्रासन्न एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की। इस दौरान शिविर में जिला पंचायत सदस्य सुरुचि पैंकरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष धनियारो परहा, एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। शिविर में विधायक साय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। साथ ही उनके सभी समस्याओं का निराकरण भी हो। इसी उद्देश्य ⏭ शेष पेज 4 पर

### टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से मिलेगी गोपनीय एवं निशुल्क परामर्श सेवा

## मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने टेली-मानस मजबूत पहल

**जशपुरनगर।** भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए टेली-मानस पहल को निरंतर मजबूत कर रही है।

यह राष्ट्रीय कार्यक्रम देशभर में नागरिकों को निःशुल्क, गोपनीय और 24x7 मानसिक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराता है, जो टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14416 या 1-800-891-4416 के माध्यम से सुलभ है। राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने हेतु प्रारंभ की गई है। टेली-मानस के माध्यम से कॉल करने



वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य, मनोवैज्ञानिकों एवं मनोचिकित्सकों से जोड़ा जाता है, जिससे उन्हें तात्कालिक सहायता और आवश्यकता अनुसार रेफरल सेवा प्राप्त होती है।

### टेली-मैनस की प्रमुख विशेषताएं

टेली-मानस 24x7 निःशुल्क हेल्पलाइन-सभी के लिए गोपनीय एवं निशुल्क परामर्श सेवा। कई भारतीय भाषाओं में सहायता उपलब्ध है। विशेषज्ञ सहायता प्रणाली के तहत मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक उपलब्ध है। संपूर्ण भारत में संचालन किया जा रहा है, सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सेवा उपलब्ध। इस पहल के संबंध में डॉ. जेएस जात्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जशपुर, ने कहा कि टेली-मानस सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह लोगों को बिना किसी भय या कलंक के सहायता लेने के लिए प्रेरित करता है। हमारा उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को दयालु एवं पेशेवर मानसिक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध हो। स्वास्थ्य विभाग जिला जशपुर सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे किसी भी प्रकार की मानसिक स्वास्थ्य चिंताओं जैसे तनाव, चिंता, अवसाद, नशा या भावनात्मक परेशानी की स्थिति में टेली-मानस का उपयोग करें। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को इस सेवा के बारे में जानकारी दें ताकि एक मानसिक रूप से स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

### स्वच्छता के महत्व पर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**सूरजपुर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंडवाशिंग डे के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समुदाय के बीच हाथों की स्वच्छता के महत्व को समझाना तथा बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि साबुन और पानी से नियमित रूप से हाथ धोने की आदत अपनाने से अनेक संक्रामक बीमारियों से बचाव संभव है। विद्यार्थियों को हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन कर व्यावहारिक जानकारी दी गई। मध्याह्न भोजन से पूर्व सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से हाथ धोकर स्वच्छता का संदेश दिया।

## पोषण की पाठशाला से बच्चों में बढ़ेगी जागरूकता



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर जिले में बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने और उनमें पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पोषण की पाठशाला कार्यक्रम का जिला पंचायत सभागार में शुभारंभ एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हायर और हायर सेकेंडरी विद्यालयों के नोडल अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन, आईआईटी बॉम्बे और एसएमडीटी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में प्रारंभ किया गया है।

इसका प्रमुख उद्देश्य बच्चों में एनीमिया, बौनापन और शरीर में वसा की कमी जैसी पोषण संबंधी समस्याओं का उन्मूलन करना तथा विद्यार्थियों में संतुलित आहार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि बच्चों को सही पोषण मिलना उनके शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। आज के बच्चे ही कल के देश के भविष्य हैं। इस अभियान के माध्यम से हम न केवल बच्चों को जागरूक बनाएंगे, बल्कि उन्हें अपने परिवार और समाज में भी पोषण का दूत बनने के लिए प्रेरित करेंगे। आईआईटी बॉम्बे द्वारा तैयार किए गए विशेष पोषण वीडियो 01 नवंबर 2025 शनिवार से जिले के विद्यालयों में प्रदर्शित किए जाएंगे और उसके बाद विधार्थियों से चर्चा एंव सवाल-जवाब का 20 मिनट का सेशन आयोजित किया जाएगा। नियुक्त नोडल अधिकारियों के द्वारा 9,10,11,12 कक्षा में इस कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इसमें 10 मिनट का एक वीडियो संचालन के साथ 20 मिनट की चर्चा भी शामिल होगी। नोडल अधिकारी कक्षा में दिखाए गए वीडियो पर बच्चों से 5-10 सवाल जवाब एंव चर्चा करेंगे।

### पोषण की पाठशाला

स्कूल जाने वाले बच्चों के माध्यम से समुदाय में पोषण को बढ़ावा देना। किशोरी लड़कियों में एनीमिया को कम करना। उचित पोषण प्रथाओं के माध्यम से शैक्षिक और खेल संबंधी उपलब्धियां प्राप्त करना। जागतिक स्तर के ब्रिलियंट शारीरिक, मानसिक रूप से तंदरुस्त और बुद्धिमान बच्चे तैयार होने के लिए पोषण की पाठशाला का अयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत हर सप्ताह के शनिवार को चयनित पोषण सबंधी 10 मिनट का विडियो संचालन एंव 20 मिनट की चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही विशेषज्ञ मार्गदर्शन, पोषण सबंधी प्रोजेक्ट, पोषण प्रोजेक्ट प्रतियोगिता प्रस्तुति, शनिवार को पोष्टिक आहार दिन का आयोजन होगा।

### महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिली 406.77 करोड़ से अधिक की राशि

# व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं, बढ़ा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक समानता की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शुरू की गई महतारी वंदन योजना ने महिलाओं में आत्मविश्वास और स्वाभिमान की नई भावना जागृत की है। इसके साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। महिला स्व-सहायता समूहों को आवश्यक प्रशिक्षण, पूंजी और ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे आर्थिक रूप से मजबूत होकर परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।




### महतारी वंदन योजना से महिलाओं के जीवन में आ रहा है सकारात्मक बदलाव

महतारी वंदन योजना महिलाओं के श्रम, योगदान और भागीदारी के लिए सम्मानित करती है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 की राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की जा रही है, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। मार्च 2024 से सितंबर 2025 तक इस योजना के माध्यम से जिले की 2 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 406 करोड़ 77 लाख 62 हजार 800 रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है। यह राशि महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। कोई महिला इस धनराशि का उपयोग अपनी सिलाई की दुकान चलाने में कर रही है, तो कोई अपने बच्चों की पढ़ाई, फीस, किताबें, कपड़े या त्योहारों की तैयारियों में कर रही है। कई महिलाएं इस राशि को अपनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश कर रही हैं। योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में जमा की जाती है। महिलाएं इस धन से अपने घर, मोहल्ले या ⏭ शेष पेज 4 पर

### विभिन्न योजनाओं का संचालन कर महिलाओं को बनाया जा रहा है सशक्त

महतारी वंदन योजना के साथ-साथ महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भी अनेक योजनाओं का सफल संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना है, ताकि वे अपने और अपने परिवार के विकास की मज़बूत आधारशिला बन सकें। विभाग द्वारा विधवा, परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिलाओं के लिए संचालित सक्षम योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने हेतु 3 लाख 20 हजार का ऋण प्रदान किया गया है। यह योजना महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त कर रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी कही जाने वाली महिला स्व-सहायता समूहों को भी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निरंतर सशक्त किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के 56 महिला स्व-सहायता समूहों को कुल 44 लाख 70 हजार का ऋण ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### 5 हजार के लालच में गंवाए 1.60 लाख रुपए

**राउरकेला।** 5 हजार रुपए के नकली इनाम के लालच में एक युवती ने 1 लाख 60 हजार 40 रुपए गंवा दिए। साइबर ठगों ने खुद को गूगल पे का कर्मचारी बताकर युवती को झांसे में लिया और 32 बार अलग-अलग ओटीपी लेकर उसके बैंक खाते से रकम उड़ा ली। घटना छेंड थाना क्षेत्र की है। 24 वर्षीय युवती को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि उसके मोबाइल नंबर पर 5 हजार रुपए का पुरस्कार आया है। लिंक भेजकर ओटीपी साझा करने को कहा गया। युवती ने ठग की बातों पर भरोसा कर ओटीपी शेयर कर दिएए जिससे उसके खाते से 1.60 लाख रुपए निकल गए। जब उसने ठग से संपर्क करने की कोशिश की, तो नंबर बंद मिला। ठगी का एहसास होते ही उसने सोमवार को चेंद थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेज 3 के शेष...

### सुशासन शिविर के ...

से सुशासन शिविर लगाया जा रहा है। इसके तहत लोगों की समस्याओं का यथा संभव निराकरण भी किया जा रहा है। साथ ही लोगों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी भी दी जा रही है। विधायक ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकारें गांव, गरीब, किसान की प्रगति और खुशहाली के लिए सतत कार्य कर रही हैं। उन्हें विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास, जल जीवन मिशन के तहत घर पहुंच पानी, बिजली, सड़क, अस्पताल, स्कूल, शौचालय एवं विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से सुशासन शिविर लगाया जा रहा है। शिविर स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभाग के योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर व्यास ने आम जनता को यह आश्वस्त किया कि सभी परिवारों को आवास की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर ने लोगों से प्रगतिरत आवास के कार्यों को तेजी से पूर्ण करने की अपील की।

### महतारी वंदन योजना ...

गांव की दुकानों से किराना, सब्जियां, फल, मनिहारी सामान, मिठाइयां आदि खरीदती हैं। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है, बल्कि स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और छोटे व्यवसायियों की आमदनी में भी वृद्धि हुई है। अब महिलाएं ही नहीं, बल्कि व्यापारी भी योजना की राशि के अंतरण का उत्सुकता से इंतजार करते हैं। जैसे ही राशि खातों में आती है, सभी के चेहरे खुशी से खिल उठते हैं। इस प्रकार महतारी वंदन योजना ने न केवल महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता का भाव जगाया है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी बन गई है। इस योजना ने महिलाओं की आर्थिक निर्भरता की बेड़ियों को तोड़ते हुए उन्हें अपने छोटे-छोटे निर्णय स्वयं लेने की शक्ति दी है। आज महिलाएं केवल घरेलू खर्चों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्राप्त राशि का निवेश अन्य उत्पादक गतिविधियों और छोटे उद्यमों में कर रही हैं।

### विभिन्न योजनाओं ...

प्रदान किया गया है, जिससे वे आजीविका गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय बढ़ा रही हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले की 411 कन्याओं के विवाह संपन्न कराए गए हैं। इस हेतु राज्य सरकार द्वारा कुल 2 करोड़ 5 लाख 50 हजार की राशि खर्च की गई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना से जिले की 11071 महिलाओं को लाभान्वित किया गया है, जिसमें कुल 4 करोड़ 47 लाख 80 हजार की राशि का व्यय हुआ है।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)
क्रमांक/2828/ वाचक / 2025
जशपुर, दिनांक 14/10/2025
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा ग्राम जशपुर प0ह0न0-07 के समस्त नगरवासियों को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती तिलोतमा स्वर्णकार पति गजानन्द स्वर्णकार निवासी ग्राम जुरगुम तहसील जशपुर जिला जशपुर (छ0ग0) ने आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 के तहत ग्राम जुरगुम प.ह.नं. 07 तहसील जशपुर में भूमि स्वामी खाते की भूमि खसरा नं. 160/8 0.036 हे. में से रकबा 0.0200 हे. (05 डिसमिल) भूमि को कृषि से आवासीय प्रयोजन हेतु कृषि से अकृषि से व्यपवर्तन कराये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 28/11/2025 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

### बरसात बीतने के बाद भी नहीं पहुंची राइट्स की टीम

# पूछ रही जनता: चक्रधर नगर रेलवे क्रॉसिंग में कब बनेगा आरओबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) आखिर कब बनेगा इस बारे में अधिकारी भी स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहे हैं, जिससे अब जनता सवाल पूछने लगी है कि यह सिर्फ सपना है या कभी साकार भी होगा। इधर 6 माह पूर्व होने वाले री-सर्वे का भी अब तक कोई अता-पता नहीं है। सेतु विभाग द्वारा पत्राचार करने और बरसात बीतने के बाद भी कंसल्टेंट कंपनी राइट्स की टीम दोबारा सर्वे करने नहीं पहुंची है, जिससे स्थिति जस की तस बनी हुई है।

खास खबर

दरअसल चक्रधर नगर रेलवे फाटक में वाई शेप का रेलवे ओवरब्रिज बनना है। स्थानीय विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयास से यहां आरओबी बनाने के लिए करीब 80 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। राशि स्वीकृत होने के बाद पूर्व में यहां का ड्राइंग डिजाइन भी तैयार किया जा चुका है, लेकिन इसमें कुछ बदवाल होना है। पुराने सर्वे में वर्तमान रोड के उपर ही वाई शेप में ब्रिज बनाने का डिजाइन है, लेकिन अब राइट्स को दोबारा सर्वे के लिए कहा गया है। इसका कारण यह है कि चक्रधर नगर रेलवे क्रॉसिंग में आरओबी की पुरानी ड्राइंग डिजाइन पर कई लोगों ने आपत्ति जताई है। स्थानीय नेताओं ने राज्य सरकार तक इसकी शिकायत की है। ऐसे में दोबारा सर्वे में इस बात का ध्यान रखा जाना है कि निजी भूमि को कम से कम लिया जाए। जिससे ब्रिज के निर्माण में किसी तरह का कोई विरोध या बाधा उत्पन्न न हो सके। इस बात को करीब 6 माह बीत गए हैं, लेकिन अब तक कंसल्टेंट कंपनी राइट्स दोबारा सर्वे करने नहीं पहुंची है। जिससे आरओबी निर्माण का मामला फिर से ठंडे बस्ते में चला गया है।



#### पुराने सर्वे में इस तरह बनता आरओबी

लोगों द्वारा लगातार की जा रही मांग को देखते हुए रायगढ़ विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयास से पीडब्ल्यूडी के सेतु निगम द्वारा चक्रधरनगर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की योजना बनाई गई। इसके लिए कई चरणों में सर्वे व निरीक्षण भी किए गए। इसके तहत बाकायदा अंबेडकर चौक, डीएफओ क्वार्टर से लेकर सरला विरला काम्पलेक्स व पॉलिटेक्निक कॉलेज मार्ग तक वाई शेप में ब्रिज बनाने का नक्शा भी तैयार कर लिया गया था। ऐन वक्त पर स्थानीय व्यापारियों ने दुकानदारी नहीं चलने की आशंका से सर्वे के समय ही अपना विरोध जताया। इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी अहम भूमिका निभाई। यही कारण है कि अब यहां दोबारा सर्वे करने की तैयारी चल रही है।

#### भाजपा पार्षदों ने की शेड निर्माण की मांग

चक्रधर नगर रेलवे क्रॉसिंग में आरओबी निर्माण में हो रही लेटलतीफी को लेकर भाजपा पार्षदों ने शेड निर्माण की मांग की है। पार्षदों ने रेलवे क्रॉसिंग पर आम जनता को हो रही परेशानी को दूर करने के लिए रायगढ़ विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधी को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि फाटक पर ट्रेनों के अत्यधिक आवागमन के कारण गेट लंबे समय तक बंद रहता है। इससे फाटक के दोनों ओर लोगों को धूप, बारिश, तेज आंधी का सामना करना पड़ता है।

#### शहरवासी सालों से झेलते आ रहे हैं रेलवे फाटक का दंश

चक्रधरनगर चौक से अतरमुड़ा, जिला पंचायत, कलेक्टोरेट, डिग्री कॉलेज, मेडिकल कॉलेज सहित अन्य सरकारी विभागों के अलावा पंडरीपानी, जामगांव, कोतरलिया जैसे ग्रामीण क्षेत्रों की ओर जाने के लिए लोगों को इसी रेलवे क्रासिंग को पार करना होता है। इसके अलावा सिंधी कालोनी, बोईरदादर, बेलादुला, विजयपुर, संबलपुरी जैसे क्षेत्रों की ओर जाने के लिए भी लोगों को चक्रधर नगर रेलवे क्रासिंग से होकर ही गुजरना होता है। इकलौते मुख्य मार्ग पर रेलवे क्रासिंग आवागमन करने वालों के लिए एक मुसीबत बन गया है। लगभग हर 10 मिनट में किसी ट्रेन के गुजरने और कई मर्तबा सिग्नल नहीं होने के कारण फाटक बंद कर दिया जाता है, जिससे लोगों को धूप और बारिश में काफी देर तक फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। जिससे लोग काफी हलाकान और परेशान होते हैं। सालों से लोग इस दंश को झेलते आ रहे हैं, लेकिन उन्हें इस समस्या से अब तक निजात नहीं मिल पाया है।

चक्रधरनगर रेलवे क्रॉसिंग में आरओबी निर्माण के लिए करीब 90 करोड़ का स्टीमेट बना कर उच्च कार्यालय को भेजा गया है। इसमें एक मामला फंस रहा था कि आरओबी की जगह अंडरब्रिज बनाया जाए। बात रही री-सर्वे की तो पुराना प्रकरण होने की वजह से इसकी मुझे जानकारी नहीं है, मैं इसे दिखवाता हूं।
**संतोष भगत,** ईई, सेतु निगम

## नाबालिग से गैंगरेप, आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बरमकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत शरद पूर्णिमा में मेला देखने गई नाबालिग बालिका से गैंगरेप करने वाले आरोपियों को अपर सत्र न्यायाधीश अमित राठौर फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो एक्ट) सारंगढ़ ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

जानकारी के आरोपी शिवा भारती पिता दुखु भारती और पोषण भारती पिता भारत भारती दोनों खरवानीपारा बरमकेला के रहने वाले हैं। पीडित नाबालिग बालिका 17 अक्टूबर 2024 को अपनी सहेली एवं मित्र के साथ ग्राम धौठला शरद पूर्णिमा मेला देखने जा रही थी, तभी आरोपियों के द्वारा बरमकेला जंगल के पास रात करीब 12 बजे उनका रास्ता रोका गया। वहीं नाबालिग को जबरन अपनी मोटर सायकल में बैठाकर अपने घर ले जाकर बलपूर्वक पीडिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। घटना की रिपोर्ट पर थाना बरमकेला में अपराध दर्ज कर अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीडित बालिका की उम्र 16 वर्ष, 5 माह होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट सारंगढ़ के द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपियों को आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। अदालत के द्वारा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पीडिता के शारीरिक एवं मानसिक क्षति एवं पुनर्वास हेतु राज्य शासन से प्रतिकर भुगतान किए जाने की अनुशंसा की गई है। यह फैसला बाल सुरक्षा एवं यौन अपराधों के खिलाफ राज्य शासन एवं न्याय पालिका की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी कार्यान्वयन को प्रभावित करता है। इस प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रफुल्ल कुमार तिवारी ने पैरवी की है।

### अपहृत नाबालिग के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**अकलतरा।** नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में अकलतरा पुलिस से यह जानकारी मिली कि अज्ञात व्यक्ति नाबालिक बालिका को वर्ष 2023 में बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था, जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। अपहृत नाबालिका एवं आरोपी की थाना अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी।

## सुंदरगढ़ के भवानीपुर से 67 किलो गांजा जब्त, महिला समेत तीन गिरफ्तार

**सुंदरगढ़।** जिले की पुलिस ने मंगलवार शाम एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सुंदरगढ़ टाउन के भवानीपुर क्षेत्र में चल रहे अंतर जिला गांजा तस्करी गिरोह का भांडाफोड़ किया है। यह छापामारी विश्वसनीय सूचना के आधार पर सुंदरगढ़ एसपी अमृत पाल कौर के निर्देश पर गठित विशेष पुलिस दल ने की है। छापे का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संता नूतन सामद ओपीएस 1 ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में किया। छापे के दौरान पुलिस ने 67 किलो 500 ग्राम गांजा, 1,05,400 नकद, चार मोबाइल फोन, तीन कार बालेनो, स्विफ्ट, आयोन, दो मोटरसाइकिल पल्सर, जुपिटर सहित कई दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, टोल रसीदें व होटल बिल बरामद किए।

पुलिस ने तीन आरोपियों अजीत उरांव 25 निवासी पोसापाली लता, ब्राह्मणी तरंग थाना राउरकेला, संजीब खलखो 33 तथा रेशमा एक्का 24, दोनों निवासी कोरोंगा नुआ पाड़ा कुतरा निवासी को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह सोनपुर और बौध जिलों से गांजा लाकर सुंदरगढ़ व आसपास के जिलों में सप्लाई करता था। पुलिस अब सप्लाई चेन में जुड़े अन्य लोगों और



आर्थिक लेनदेन की जांच कर रही है। पुलिस मुख्यालय में एसपी अमृत पाल कौर ने एएसपी शांता नूतन, एसडीपीओ निर्मल महापात्र व टाउन थाना प्रभारी की उपस्थिति में बुधवार के अपराह्न में प्रेसवार्ता कर इंटर डिस्ट्रिक्ट गांजा सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर 67.5 केजी गांजा के साथ तीन तस्करों की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों, शराब व प्रतिबंधित वस्तुओं की अवैध तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत शून्य सहनशीलता नीति के तहत लगातार कार्रवाई जारी है। बता दें कि जब्त गांजा का बाजार मूल्य 15 लाख रुपए से अधिक बताया जा रहा है।

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी से हुआ हादसा, जांच में जुटी चक्रधरनगर पुलिस

## इंड सिनर्जी में वेल्डिंग करते समय 45 फीट उंचाई से गिरा वेल्डर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इंड सिनर्जी प्लांट में एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में बिहार के एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक कंपनी अंदर हॉपर के प्लेटफार्म में चैनल वेल्डिंग कर रहा था, इस दौरान वह करीब 45 फीट उंचाई से नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का कारण सुरक्षा मानकों की अनदेखी को बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

दरअसल औरंगाबाद जिले के रिसियप थानांतर्गत ग्राम देउरी नेवरा निवासी श्रीकांत कुमार सिंह पिता अर्जुन सिंह 21 वर्ष रायगढ़ के पूर्वांचल स्थित कोटमार में संचालित इंड सिनर्जी पावर प्लांट में एजी कंट्रक्शन में ठेकेदार अदालत गिरी के अंडर वेल्डर का काम करता था। मंगलवार की शाम से रात तक उसकी ड्यूटी थी। बताया जता रहा है कि कंपनी के स्टॉक हाउस के पास हॉपर में प्लेटफॉर्म बनाने का काम चल रहा था। देर शाम करीब साढ़े 6 बजे श्रीकांत हॉपर के करीब 45 फीट ऊपर प्लेटफार्म में चढ़कर चैनल वेल्डिंग का काम कर रहा था। इस दौरान अचानक उसका शारीरिक संतुलन बिगड़ते ही वह नीचे गिर गया। श्रीकांत को हॉपर से नीचे गिरते देख आसपास काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद आनन-फानन में श्रीकांत को शहर के बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करा दिया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

मृतक श्रीकांत ठेकेदार अदालत गिरी के एजी कंट्रक्शन में दो साल से काम कर रहा था। उसकी मौत से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। जानकारों की माने तो हॉपर में 45 फीट ऊपर चढ़कर प्लेटफार्म में चैनल वेल्डिंग का काम कर रहे श्रीकांत को सुरक्षा के जरूरी संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया था। सुरक्षा इंतजाम में चूक की वजह से उसकी जान चली गई।

## शराब के नशे में स्कूल में हंगामा मचाने वाला व्याख्याता निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शराब के नशे में स्कूल में हंगामा मचाने और छात्राओं के सामने गाली-गलौज करने वाले व्याख्याता को विभाग ने निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद शराबी शिक्षकों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

दरअसल शराबी शिक्षक महेश राम सिदार लैलूंगा ब्लॉक के लारीपानी गांव के स्वामी आत्मानंद स्कूल में व्याख्याता एलबी के पद पर पदस्थ थे। गुरुवार की सुबह स्कूल में जब क्लास चल रही थी तभी महेश राम सिदार नशे में धुत्त होकर पहुंचे और जमकर हंगामा मचाया। प्राचार्य द्वारा समझाइश देने पर वह उल्टा उनसे और स्टाफ से झगड़ने लगा। ऐसे में प्राचार्य ने इस घटना की जानकारी डीईओ और लैलूंगा थाने में दी थी। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ ने लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर इस पूरे मामले की जानकारी दी। ऐसे में विभाग के उच्चाधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया और शिक्षक महेश राम सिदार पर कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर कर दिया है। वहीं निलंबित शिक्षक महेश राम सिदार को जिला मुख्यालय रायगढ़ कार्यालय में अटैच कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दी जाएगी।



### रतेरिया व थवाइत अधिमान्यता समिति में

**रायगढ़।** शहर के दो वरिष्ठ पत्रकारों को राज्य एवं संभाग स्तरीय मीडिया प्रतिनिधि अधिमान्यता समिति का सदस्य बनाया गया है। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ समाचार मीडिया प्रतिनिधि अधिमान्यता नियम2019 के नियम 5 के तहत गठित इस समिति में वरिष्ठ पत्रकार अनिल रतेरिया को राज्य स्तरीय अभिमान्यता समिति का सदस्य बनाया गया है। वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष हेमंत थवाइत को बिलासपुर संभाग स्तरीय अधिमान्यता समिति का सदस्य बनाया गया है। सरगुजा संभाग की समिति में वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा और कोरिया के प्रविन्द्र सिंह को सदस्य बनाया गया है।





### महापौर ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 16 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर निगम रायगढ़ के महापौर जीवर्धन चौहान द्वारा पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोषण रथ आमजन को संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करेगा। स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हर नागरिक पोषण के महत्व को समझे। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिलेभर में पोषण संबंधी जागरूकता, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

### गांजा तस्कर ओडिशा से गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने 6 महीने से फरार चल रहे गांजा तस्कर को ओडिशा से गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में उसे जेल भेज दिया है। दरअसल तमनार थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर अपनी टीम के साथ आरोपी की तलाश में अंगुल ओडिशा रवाना हुई थीं।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जहां साइबर सेल की तकनीकी मदद ली गई, वहीं मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया था। ह्यूमन इनपुट के आधार पर फरार आरोपी दिलीप कुमार प्रधान के जेएसडब्ल्यू प्लांट ठेकलोई, संबलपुर में होने की जानकारी मिलने पर तमनार पुलिस ने दबिश देकर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने मोबाइल फोन से यूपीआई के माध्यम से गांजा की बुकिंग और सप्लाई करने की बात कबूल की है। ज्ञात हो कि इसी साल 23 मई को ग्राम टांगरघाट के श्रीपति चौहान, रोहित किसान और विमल यादव को 37 किलो गांजा सहित गिरफ्तार किया गया था। उक्त प्रकरण में थाना तमनार में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी, जिसमें उक्त तीनों आरोपी वर्तमान में जिला जेल रायगढ़ में बंद हैं। इस अपराध की विवेचना में गिरफ्तार आरोपियों की दिलीप कुमार प्रधान से लेनदेन संपर्क के सबूत मिले थे।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें
और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल: 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

### त्यौहारी सीजन में पुलिस का सड़क सुरक्षा पर फोकस

## शराबी चालकों पर गिरी पुलिस की गाज, एक ही दिन में 37 पर एमवी एक्ट की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 37 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई है। इनमें कोतरारोड पुलिस ने सर्वाधिक 7 वाहन चालकों को पकड़ा है। सभी के खिलाफ इस्तगाशा तैयार कर न्यायालय में पेश किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

ज्ञात हो कि मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत शराब पीकर वाहन चलाने पर पहली बार पकड़े जाने पर 6 माह तक की कैद या 10 हजार तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं, जबकि दूसरी बार अपराध करने पर सजा और जुर्माने में वृद्धि का भी प्रावधान है।



#### रोजाना चलेगा अभियान : डीएसपी

ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए पुलिस द्वारा शहर और तहसील स्तर पर प्रतिदिन जांच अभियान जारी रहेगा। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा तेज रफ्तार, मॉडिफाई साइलेंसर और नशे में वाहन चलाने वालों पर विशेष निगरानी रखने और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत पुलिस की यह मुहिम लगातार जारी रहेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411